# ST. XAVIER'S SENIOR SECONDARY SCHOOL, DELHI-54

Class : 7 SUMMATIVE ASSESSMENT 2 Marks: 30

Date: 21.02.15 HINDI Time: 30 minutes

Name:_________________________ Class & Sec. ___________ R. No.___________

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न – पत्र पर ही कीजिए।**

**भाग क**

I. सही विकल्प पर सही (√) का चिह्न लगाइए। (1X30=30)

1. अनेक विद्यार्थी आज कक्षा में अनुपस्थित हैं। – रेखांकित शब्द कौन सा विशेषण है?

1. सार्वनामिक 2. अनिश्चित संख्यावाचक 3. गुणवाचक 4. निश्चित परिमाणवाचक

2. 2. हमें सबसे मृदुभाषा में बोलना चाहिए। – रेखांकित शब्द कौन सा विशेषण है?

1. सांकेतिक 2. गुणवाचक 3. परिमाणवाचक 4. संख्या वाचक

3. राम धीरे – धीरे चलता है? इस वाक्य में कौन सी क्रिया है?

1. सकर्मक 2. अकर्मक 3. द्विकर्मक 4. कोई नहीं

4. 'किसान जानवरों को चारा देता है।'' में कौन सी क्रिया है ?

1. द्विकर्मक 2. एककर्मक 3. सकर्मक 4. अकर्मक

5. 'मोहन ने कविता पढ़ी' वाक्य में कौन सा काल है?

1. सामान्यभूत 2. पूर्णभूत 3. आसन्नभूत 4. संदिग्धभूत

1. क्रिया के जिस रूप से उसके होने के समय का पता चले उसे कहते है –

1. क्रिया 2. क्रियाविशेषण 3. काल 4. क्रिया पद

7. 'सुनीता बहुत मीठा गाती है' में क्रियाविशेषण है –

1. सुनीता 2. बहुत 3. मीठा 4. गाती है।

8. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन से विकल्प में सभी सर्वनाम निजवाचक हैं। सही (√) का चिह्न अंकित कीजिए।

1. स्वयं, अपने आप, आप – ही, अपना।
2. आप, तुम, क्या, मैं।
3. तू , तुम, सो, आप पर।
4. अपने, अपने आप, अपना, कोई।

9. सर्वनाम किसे कहते हैं? सही विकल्प के सामने (√) का चिह्न लगाइए।

1. जो शब्द किसी व्यक्ति के गुण – दोष बताते हैं।
2. जो शब्द किसी प्राणी या वस्तु की निश्चित संख्या बताते हैं।
3. जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता हैं।
4. जो शब्द दो या दो से अधिक अक्षरों के मिलने से बनते हैं।

10. वाक्य के आधार पर उचित शब्द पर (√) का चिह्न लगाइए।

'संस्था का प्रधान'

1. अध्यक्ष 2. मुख्यमंत्री 3. संस्थापक 4. प्रधानमंत्री

11. सही विकल्प के सामने (√) का चिह्न लगाइए। 'पढ़ने वाला' –

1. पठन 2. पठनीय 3. पाठन 4. पाठक

12. 'सदय' का विलोम है –

1. उदय 2. निदय 3. उदित 4. निर्दय

13. 'हर्ष' का विलोम है

1. शोक 2. रोक 3. गोद 4. मोद

14. 'कंडक्टर' का सही विकल्प है –

1. श्रोता 2. लेखापाल 3. संचालक 4. लेखक

15. 'टूरिस्ट' का सही विकल्प है –

1. पर्यटक 2. संपादक 3. अध्यापक 4. चालक

16. शुद्ध शब्द चुनिए!

1. ग्यानी 2. ज्ञानी 3. ग्यानि 4. गियानी

17. शुद्ध शब्द पर सही (√) का चिह्न लगाइए।

1. दश्य 2. द्रष्य 3. द्रश्य 4. दृश्य

18. 'संसार' का पर्यायवाची शब्द चुनिए।

1. सागर 2. समुद्र 3. रत्नाकर 4. जगत्

19. 'वन' का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

1. अरण्य 2. घन 3. कानन 4. जंगल

20. 'नाग' का सही अनेकार्थी शब्द चुनिए।

1. सर्प, हाथी 2. सर्प, धन 3. सर्प, घड़ा 4. सर्पा, संख्या

21. 'भागना' का विशेषण है।

1. भगना 2. भगोड़ा 3. भगाना 4. भाग

22. निम्नलिखित अर्थें के अनुसार मुहावरों के दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।

'दोषी के साथ निर्दोष को भी सज़ा मिलना'

1. गेहूँ के साथ घुन पिसना। 2. गेहूँ का खेतों में उगना।

3. गेहूँ के खेतों में पानी भरना 4. गेहूँ की बोरियाँ भरना।

23. उचित वाक्य पर सही (√) का चिह्न लगाइए।

''लोकोक्तियाँ ''........................................

1. लोकोक्तियाँ पूर्ण वाक्य होती है 2. वाक्य में प्रयुक्त होने पर इनका अर्थ स्पष्ट होता है।

3. लोकोक्तियाँ वाक्य में प्रयुक्त होते समय लिंग, वचन, कारक के अनुरूप बदलजाती हैं।

4. लोकोक्तियों में वाक्याँश होते हैं।

24. 'बोध' कहानी के लेखक का नाम है –

1. सुदर्शन 2. मुंशी प्रेमचन्द 3. सुरेशपंत 4. समर बहादुर सिंह

25. कर्मवती का विश्वास किसमें था?

1. पति पर 2. राखी के धागों पर 3. अपने पर 4. किसी पर नहीं

26. गिरजाघर के भीतरी भाग में दीपक जल रहे थे –

1. छब्बीस 2. सोलह 3. छत्तीस 4. छप्पन

27. 'सरीर' का हिन्दी रूप है –

1. सरिर 2. सिरर 3. शरिर 4. शरीर

28. साधु कहाँ तपस्या कर रहे थे?

1. गली में 2. जंगल में 3. कंदरा में 4. मंदिर में

29. जल्दबाज़ी में मुंशी जी की पत्नी ने क्या नहीं उतारा?

1. गठरी 2. पैसों वाला ट्रंक 3. बच्चे 4. खाने का बैग

30. निर्धारित समय पर निश्चित काम करने से हमें जीवन में क्या मिलता है।

1. बुराई 2. असफलता 3. घृणा 4. सफलता

***********

# ST. XAVIER'S SENIOR SECONDARY SCHOOL, DELHI-54

Class : 7 | SUMMATIVE ASSESSMENT 2 | Marks: 60

Date: 21.02.15 | HINDI | Time: 1½ hour

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर – पुस्तिका पर लिखिए।

**भाग ख**

I. निर्देशानुसार निम्नलिखित वाक्यों के काल बदलिए। (3)

1. मोहन पुस्तक पढ़ रहा है – (आसन्न भूत)
2. विद्यार्थी पाठ याद कर रहे थे – (अपूर्ण वर्तमान)
3. मनीष कल बंगलौर गया था। (सामान्य भविष्यत्)

II. निम्नलिखित वाक्यों में काल के भेद लिखिए। (2)

1. शायद शाम को पिताजी मेरे लिए वायलिन लेकर आएँ।
2. मीना स्कूल जाती होगी।
3. तुम्हें अपना उपहार मिल गया होगा।
4. राधा नृत्य करती तो पुरस्कार पाती।

III. समरूपी भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। (4)

1. सुत – 2. दशा –
   सूत – 2. दिशा –

IV. निम्नलिखित वाक्य पढ़कर रेखांकित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

1. मेरी बहन को <u>ताल</u> का शौक है।
   मेरी <u>ताल</u> में तिल है।
2. मेरी बेटी ने मेरी <u>नाक</u> रख ली।
   मेरी <u>नाक</u> से खून निकल रहा है।

V. लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए। (2)

1. खिसियानी बितली खंभा नोचे –
2. नाच न जाने आँगन टेढ़ा –

VI. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए। (2)

1. लोमड़ी बोली, खट्टे अंगूर हैं।
2. निर्मल के अनेकों घर हैं।

VII. समान अर्थ प्रतीत होने वाले शब्दों को लिखिए। (2)

1. बड़ों की सेवा –
   रोगी व दुखियों की सेवा –
2. संकोच का भाव
   बुरे कर्म पर प्रायश्चित का भाव –

VIII. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए। (2)

1. निष्ठुरता –
2. अवहेलना –
3. सतर्कता –
4. अंजन –

IX. मित्र को खेल दिवस पर स्वर्ण – पदक प्राप्त होने पर बधाई – पत्र लिखिए। (4)

X. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 130 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। (4)

1. श्रेष्ठ संगति से सद्गुणों की वृद्धि होती है।
2. श्रम का महत्व

Cont'd-----2/-

XI. अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क्रोध मनुष्य की एक साधारण प्रवृत्ति है और हम सभी में यह मौजद रहती है। सीमा के बाहर क्रोध एक दुर्गुण का रूप ले लेता है। क्रोध की अवस्था में मनुष्य का रक्तचाप ही नहीं बढ़जाता बल्कि व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक विकास को भी क्रोध प्रभावित करता है। अतः क्रोध पर नियंत्रण बहुत आवश्यक है। क्रोध पर विजय पाना बहुत कठिन नहीं है। इसके लिए धैर्य एवम् अनुशासन की ज़रूरत होती है। न्यायपूर्ण क्रोध से अनेक नए विचार पैदा होते हैं। प्रयास करने से क्रोध को एक रचनात्मक दिशा दी जा सकती है। इसके लिए चाहिए कि क्रोध से उत्पन्न ऊर्जा को सार्थक कार्यों में लगाया जाए।

1. क्रोध क्या है? (1)
2. सीमा के बाहर इसका क्या रूप होता है? (1)
3. क्रोध पर नियंत्रण क्यों आवश्यक है? (1)
4. दुर्गुण का विलोम लिखिए। (½)
5. क्रोध का पर्यायवाची शब्द लिखिए। (½)

**भाग ग**

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच – छः पंक्तियों में लिखिए। (3x3=9)

1. तानसन और बैजूबावरा के बीच का फैसला किस प्रकार हुआथा?
2. विशेषज्ञ ने भ्रष्टाचार का कैसा वर्णन किया तथा भ्रष्टाचार को ढूँढने के लिए क्या उपाय किए?
3. 'राखी का मूल्य' एकांकी 'हिन्दू – मुस्लिम एकता' का प्रमाण है, कैसे?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन – चार वाक्यों में लिखिए। (2x4=8)

1. घर पहुँचकर एफिम ने एलिशा से क्या कहा और क्यों?
2. लेखक ने धन की अपेक्षा समय को अधिक महत्वपूर्ण क्यों माना है?
3. पंडित जी ने फिर कभी दूसरे विभाग में जाने की चेष्टा क्यों नहीं की?
4. यशोदा गोधन की सौगंध खाकर किसको, किस बात का विश्वास दिला रही है?

III. अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए। (1x6=6)

1. पंडित जी को महीने के अंत में कितने रूपये मिलते थे?
2. अकबर के समय आगरा में प्रसिद्ध गायक कौन था?
3. नेहरू जी और गाँधी जी दोनों का जीवन क्या प्रमाणित करता है?
4. राज्य में एक जाति रहती है जिसे विशेषज्ञ कहते हैं। – यह वाक्य किसने किससे कहा?
5. एलिशा अपने परिवार का पेट कैसे पालता था?
6. रानी कर्मवती ने किस राजा के आक्रमण से बचने के लिए सहायता माँगी?

IV. निम्नलिखित पंक्तियों का अर्थ भाव सहित प्रकट कीजिए। (3)

तू जननी मन की अति भेरी,
तिनके कहे पतियायो।
जिय तेरे कछु भेद उपजि हैं,
जानि परायो जायो।
ये ले अपनी लकुटी कमरिया,
बहुतहिं नाच नचायो।
'सूरदास' तब बिहँसि जसोदा,
लै उर कंठ लगायो।

V. प्रसंह सहित व्याख्या लिखिए। (3)

'समय और लहरें किसी की प्रतीक्षा नहीं करती'।

************